रौल नं०....................नाम परीक्षार्थी...............................................

X-8 प्रीबोर्ड परीक्षा सन् 2024 ई० A

# गृह–विज्ञान (केवल प्रश्न–पत्र)

समय– 3 घण्टा 15 मिनट कक्षा – 10 पूर्णांक –70

निर्देश:–प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**नोट:–(i) यह प्रश्न प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–क एवं खण्ड–ख (ii) खण्ड–क में 20 अंकों के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। (iii) खण्ड–ख में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। (iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख दिये गये हैं।**

## खण्ड– क (बहुविकल्पीय प्रश्न)

सभी प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :–

1. घर की आर्थिक व्यवस्था को ठीक रखने के लिए आवश्यक है :– 1

(क) कंजूसी करना (ख) अधिक धन

(ग) आय के अधिक स्रोत (घ) बजट बनाना।

2. 'राष्ट्रीय बचत पत्र' किसकी योजना है :– 1

(क) बैंक की (ख) जीवन बीमा निगम की

(ग) डाकखाने की (घ) इनमें से किसी की नहीं।

3. कूड़ा–करकट नष्ट करने के उपाय हैं :– 1

(क) जलाकर (ख) खाद बनाकर

(ग) छाँटकर उसका उपयोग (घ) ये सभी।

4. घर की सजावट के लिए किस वस्तु का प्रयोग किया जाता है :– 1

(क) ईंट (ख) बालू

(ग) सीमेण्ट (घ) फूलदान।

5. शरीर की लम्बाई मापने की इकाई है :– 1

(क) सेमी, मीटर (ख) ग्राम, किलोग्राम

(ग) मिली, लीटर (घ) इनमें से कोई नहीं।

6. कठोर जल में कौन–से लवण घुले रहते हैं :– 1

(क) आयरन (ख) कैल्सियम

(ग) फॉस्फोरस (घ) पोटैशियम।

7. जल द्वारा फैलने वाले रोग कौन–से हैं :– 1

(क) पेचिश (ख) अतिसार

(ग) हैजा (घ) ये सभी।

8. पौधे वायुमण्डल का शुद्धीकरण करते हैं :– 1

(क) नाइट्रोजन द्वारा (ख) ऑक्सीजन द्वारा

(ग) कार्बन डाइऑक्साइड द्वारा (घ) जल द्वारा।

(पृष्ठ पलटिए)

9. विश्व शौचालय दिवस किस तिथि को मनाया जाता है :- 1

(क) 19 नवम्बर (ख) 19 मार्च

(ग) 18 नवम्बर (घ) 19 जून।

10. मक्खियों द्वारा फैलने वाला रोग है :- 1

(क) पीलिया (ख) डायरिया

(ग) मलेरिया (घ) तपेदिक।

11. हाथ की सिलाई का उदाहरण है :- 1

(क) कच्ची सिलाई (ख) बखिया

(ग) तुरपन (घ) ये सभी।

12. ऊनी एवं रेशमी वस्त्रों को धोने के लिए किसका प्रयोग किया जाता है :- 1

(क) मुल्तानी मिट्टी (ख) रीठे का घोल

(ग) साधारण साबुन (घ) सोडा।

13. भोजन पकाने की विधि जिसमें समय की बचत होती है :- 1

(क) उबालना (ख) तलना

(ग) भूनना (घ) प्रेशर कुकर में पकाना।

14. क्षय के रोगी को क्या नहीं देना चाहिए :- 1

(क) सुपाच्य भोजन (ख) दूध

(ग) मिर्च-मसाले वाला भोजन (घ) सन्तुलित आहार।

15. मनुष्य के अस्थि-संस्थान में कुल अस्थियाँ होती हैं :- 1

(क) 200 (ख) 206

(ग) 216 (घ) 106

16. अस्थियों की टूट को क्या कहते हैं :- 1

(क) मोच (ख) अस्थि-संक्रमण

(ग) अस्थि-विस्थापन (घ) अस्थि-भंग।

17. मनुष्य के शरीर में फेफड़ों की संख्या होती है :- 1

(क) एक (ख) दो

(ग) चार (घ) अनेक।

18. सिल्वेस्टर विधि का प्रयोग होता है :- 1

(क) डूबने पर (ख) मूर्च्छित होने पर

(ग) अस्थि भंग पर (घ) इनमें से कोई नहीं।

19. दुर्घटना-स्थल से दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का स्थानान्तरण होता है :- 1

(अ) आवश्यक (ब) अनावश्यक

(स) व्यर्थ (द) इच्छित।

20. शिशु अवस्था में श्वास क्रिया की दर होती है :- 1

(क) 25 से 40 (ख) 15 से 18

(ग) 14 से 16 (घ) 20 से 25

## खण्ड–ख (वर्णात्मक प्रश्न)

### अति लघु उत्तरीय प्रश्न – उत्तर सीमा 25 शब्द।

21. पारिवारिक आय की परिभाषा लिखिए। 2
22. अशुद्ध जल का माध्यम से फैलने वाले मुख्य रोगों के नाम बताइए। 2
23. क्षय रोग के कारण लिखिए। 2
24. धुलाई से पूर्व वस्त्रों की छँटाई करना क्यों आवश्यक है? 2
25. तरल आहार से क्या तात्पर्य है? 2
26. वायुकोश कहाँ पाए जाते हैं? 2

### लघु उत्तरीय प्रश्न – उत्तर सीमा 50 शब्द।

27. बजट का क्या अर्थ है? पारिवारिक बजट बनाने के चार लाभ लिखिए। 4

**अथवा**

"घर की सजावट के लिए अधिक धन खर्च करना बुद्धिमानी नहीं है।" अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए।

28. आप तालाब के जल को दूषित होने से कैसे बचाएँगे? 4

**अथवा**

संक्रामक रोग किसे कहते हैं? कुछ संक्रामक रोगों के नाम लिखिए।

29. कपड़ा काटते समय आप किन–किन बातों को ध्यान में रखेंगी? 4

**अथवा**

पाक–क्रिया का पौष्टिक तत्वों पर क्या प्रभाव पड़ता है?

30. रोगी के लिए खिचड़ी बनाने की विधि लिखिए। 4

**अथवा**

मानव शरीर में अस्थि–सन्धियों की उपयोगिता स्पष्ट कीजिए।

31. हड्डी की टूट एवं मोच में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 4

**अथवा**

घायल व्यक्ति का स्थानान्तरण किन–किन विधियों द्वारा करेंगी?

### दीर्घ उत्तरीय प्रश्न – उत्तर सीमा 100 शब्द।

32. घर की सफाई से आप क्या समझती हैं? घर की सफाई के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए। 6

**अथवा**

तपेदिक या टी. बी. के रोग के कारणों, प्रकारों, लक्षणों, बचाव के उपायों तथा उपचार का विवरण प्रस्तुत कीजिए।

33. रसोईघर के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख कीजिए। आजकल किस प्रकार का रसोईघर अधिक पसन्द किया जाता है? 6

**अथवा**

अस्थि–भंजन के विभिन्न प्रकारों का सामान्य परिचय देते हुए अस्थि–भंजन के सामान्य उपचार भी बताइए।

34. थर्मामीटर से तापक्रम नापने की विधि लिखिए। थर्मामीटर का प्रयोग करते समय आप क्या सावधानियाँ रखेंगी? चार्ट बनाइए। 6